विजयादशमी पर हनुमना थाने में किया गया शस्त्र पूजन

नवभारत न्यूज

हनुमना, 3 अक्टूबर, विजयादशमी पर्व पर अपने पूरे स्टाफ के साथ थाना प्रभारी अनिल काकडे ने थाना परिसर में शस्त्र पूजन किया. इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि विजयादशमी पर्व असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है. उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में उत्साह, नई ऊर्जा और सुख-समृद्धि लेकर आएगा.

थाना परिसर में पारंपरिक रीति-रिवाज और विधि-विधान से शस्त्रों की पूजा की गई. विजयादशमी पर पूरे प्रदेश सहित समस्त जिलों एवं थाना में शस्त्र पूजन करने की परंपरा रही है. इसी परंपरा के अनुसार थाना प्रभारी हनुमना द्वारा थाना में हुए कार्यक्रम में पूरे विधि विधान एवं नियमों के अनुसार शस्त्रों एवं पुलिस के वाहनों का पूजन किया गया. साथ ही क्षेत्र की खुशहाली एवं उन्नति के लिए हवन का आयोजन भी किया गया.

शस्त्र पूजन एवं हवन कार्यक्रम की समाप्ति आरती के साथ हुई. कार्यक्रम में उपनिरीक्षक दिव्या उपाध्याय, प्रधान आरक्षक अभिषेक मिश्रा, विकास पांडेय, राशिरमन साहू, आरक्षक शोभित सिंह, मुकेश यादव, सूरज तिवारी, विवेक यादव, महिला आरक्षक सीमा मिश्रा एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे.

सैकड़ों की भीड़ के बीच धू-धू कर जला रावण का पुतला

राम के अग्निवाण से जल उठा रावण, प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

नवभारत न्यूज

हनुमना, 3 अक्टूबर, 15 दिनों से हनुमना नगर के स्वामी माधवाचार्य जी महाराज की तपस्थली स्थित रामलीला मैदान में 15 दिनों से चली आ रही रामलीला मंचन में जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जमघट हुआ करता था. वही दशहरा महोत्सव में समूचे क्षेत्र से हजारों हजार की भीड़ के चलते कहीं तिल रखने का स्थान नहीं था उस पर भी विशालकाय रावण का पुतला और भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ था.

आज की रामलीला मंचन के दौरान नारंतक वध, अहिरावण वध तथा रावण वध के बाद प्रभु श्री राम लक्ष्मण जी हनुमान जी के साथ क्षेत्रीय विधायक प्रदीप रावण के पुतले के पास पहुंचकर प्रभु श्री राम ने अग्निबाण से रावण के पुतले का दहन किया. जैसे ही पुतले में आग लगाई गई पुतला धू धू कर जलने लगा पुतले में डाले गए बड़े-बड़े पटाखों की आवाज के कारण अपने आप लोग दूर भागते नजर आए वही पुलिस चारों तरफ थाना प्रभारी अनिल काकड़े के कुशल मार्गदर्शन में

पुतले को घेरा बनाकर कोई पास में न जाने पाए जिससे कोई दुर्घटना न होने पाए चौकसी में जुटे दिखे. पुतला चलता हुआ दक्षिण दिशा की ओर गिरा गिरते ही कुछ लोग उसकी हड्डियों को लूटने के लिए दौड़े लेकिन पुलिस ने जब तक उसकी तेज आग शांत नहीं हुई तब तक किसी को नजदीक नहीं जाने दिया आग शांत होने के बाद लोग उसकी लड़कियां तोड़ तोड़ कर थोड़ा-थोड़ा घर ले गए. मान्यता है कि रावण की पुतले की लकड़ी घर में रखने से वर्ष भर खटमल चीलर आदि नहीं आते या रहते हैं तो समाप्त हो जाते हैं. इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री पटेल ने कहाकि स्वामी माधवाचार्य की तपस्थली रामलीला मैदान हनुमना में सैकड़ो वर्षों से चली आरही रामलीला मंचन की इस ऐतिहासिक परंपरा को आज भी सतत अबाध गति से चलाने के लिए यहां के समस्त नगर वासी तथा कमेटी के लोग बधाई के पात्र हैं समूचे क्षेत्र पर भगवान श्री राम एवं हनुमान जी महाराज की कृपा बनी रहे यही कामना करता हूं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विधि संकाय के प्राध्यापक डॉक्टर नवल किशोर मिश्रा ने हनुमना के रामलीला की तुलना वाराणसी के रामनगर की रामलीला से करते हुए कहा कि जिस प्रकार रामनगर की रामलीला समूचे देश में प्रसिद्ध है हनुमना की रामलीला भी उससे किसी भी प्रकार कम नहीं। नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता ने लोगों को विजयदशमी पर्व की बधाई देते रीवा मिर्जापुर रेल लाइन को रेलवे द्वारा निरस्त किए जाने का उल्लेख करते हुए विधायक जी के द्वारा रेल मंत्री अश्विनी वैश्य से मिलकर किए गए प्रयासों की सराहना की इस अवसर पर हिंदूवादी नेता संतोष तिवारी रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ज्योति गुप्ता सुमित गुप्ता लवकुश गुप्ता रोहित केसरी तारकेश्वर गुप्ता रामबाबू गुप्ता मुन्नालाल गुप्त जितेंद्र तिवारी अभय विशाल केसरी सचिन केसरी आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही. यहां यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि मऊगंज जिले के हनुमना नगर रामलीला मंचन तथा दशहरा महोत्सव के लिए समूचे प्रदेश ही नहीं अनेक प्रदेशों तक में जाना जाता है.

विजयादशमी पर सांसद ने मऊगंज में किया शस्त्र पूजन

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 3 अक्टूबर, समूचे मऊगंज जिले में नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया. दशहरे के दिन सुबह पूजा अर्चना के बाद महाआरती एवं हवन किया गया और भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया. नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रतिमाओं का विसर्जन घाटो में किया गया तो वही दशहरे पर थाना एवं जिला मुख्यालय में शस्त्र पूजन किया गया.

दस दिन तक पंडालो में माँ दुर्गा की आराधना की गई. कई जगह भक्ति गीत पर श्रोता झूमते रहे. मऊगंज सहित आसपास क्षेत्र में दुर्गा पंडालो में प्रतिमाए रखी गई जहा दशहरे के दिन प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया. विजयादशमी पर्व पर सांसद जनार्दन मिश्र ने मऊगंज जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शस्त्र पूजन किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें जीवन में नैतिकता, सदाचार और सत्यनिष्ठा को अपनाने की प्रेरणा देता है. उन्होंने सभी के सुख-समृद्धि की कामना की. इस अवसर पर विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह सहित पुलिस के अधिकारी और संभ्रांतजन उपस्थित रहे.

सेवा पखवाडा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन

सतना 3 अक्टूबर। राज्य शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में सेवा पखवाडा अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय सतना में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन स्वच्छता अभियान के साथ किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के डीन डॉ. एसपी गर्ग सपत्नीक डॉ. विद्या गर्ग के साथ स्वयं नेतृत्व करते हुए स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए।

गौ रक्षा दल के जिला अध्यक्ष बनाए गए अनूप

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 3 अक्टूबर, गौ सेवक अनूप पाण्डेय को गौ रक्षा दल का जिला अध्यक्ष बनाया गया है.

निराश्रित गौवंशो के जीवन को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे कार्यो एवं गौवंशो के प्रति उनके समर्पण तथा संवेदनशीलता को देखते हुए गौ रक्षा दल मध्य प्रदेश द्वारा मऊगंज जिले के जिला अध्यक्ष पद का दायित्व सौपा गया है. इस नियुक्ति से क्षेत्रीय युवाओ एवं गौ-सेवको मे खुशी का माहौल है, गौसेवक अनूप पाण्डेय ने जिला अध्यक्ष मऊगंज बनाए जाने पर अपने समस्त गौसेवक मित्रों के साथ संगठन के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है.

सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम सभा में दिलाई नशामुक्ति की शपथ

नवभारत न्यूज

मऊंज, 3 अक्टूबर, गांधी जयंती पर रीवा और मऊगंज जिले में ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया.

इन ग्राम सभाओं में कृषि विभाग के अधिकारियों तथा नोडल अधिकारियों द्वारा भावांतर योजना की जानकारी दी गई. ग्राम सभाओं में ग्राम पंचायत के विकास से जुड़ी गतिविधियों, समग्र स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए. जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने ग्राम पंचायत रामनई में आयोजित विशेष ग्राम सभा में शिरकत की. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम सभा में उपस्थि?तों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई. मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गुर्जर ग्राम पंचायत तेंदुन और हर्दी कला में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में भी शामिल

हुए. विशेष ग्राम सभाओं की निगरानी के लिए संभाग स्तरीय और जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी ग्राम सभाओं में शिरकत की. नायब तहसीलदार महिमा पाठक तथा तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा विशेष ग्राम सभाओं में शामिल हुए. ग्राम पंचायत कठेरी में आयोजित विशेष ग्राम सभा में जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्राची चौबे शामिल हुईं. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने स्वच्छता अभियान तथा भावांतर योजना के संबंध में जानकारी दी.

सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई. प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ग्राम पंचायत कांटी एवं सिलपरी में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में शामिल हुए. इन ग्राम सभाओं में भी नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई.

सौ का सिक्का जारी किये जाने पर जनसंघ के संस्थापक ने जताया आभार

नवभारत न्यूज

हनुमना, 3 अक्टूबर, विजयदशमी के महापर्व पर 1925 में मां भारती के सच्चे सपूत डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के100 वर्ष पूरे होने पर चल रहे शताब्दी वर्ष महोत्सव में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 100 का सिक्का जारी किया गया.

राष्ट्र भक्तों की अटूट श्रद्धा का तथा राष्ट्र की त्याग व तपस्या की प्रतिमूर्ति का परिणाम बताते हुए संघ के बाल स्वयंसेवक बिंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया है.उल्लेखनीय है कि 93 वर्षीय प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य बाल निकल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बन रीवा में विभाग प्रचारक रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक बनने तक की यात्रा पूर्ण करने वाले कैसी सुदर्शन के साथ साथ समूचे क्षेत्र में पैदल तथा साइकिल से चलकर संघ की शाखा लगाने वाले उन सौभाग्यशालियों में से हैं.

इसके अतिरिक्त जिला संघ चालक राम आधार द्विवेदी भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष हरिशंकर पांडे भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला वरिष्ठ नेता ज्योति गुप्ता,वैश्य महासम्मेलन के मऊगंज जिला अध्यक्ष भाजपा नेता अखिलेश गुप्ता रोहित केशरु लवकुश गुप्ता शामिल है.

शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन जगह-जगह हवन और बांटा भंडारे का प्रसाद

नवभारत न्यूज

हनुमना, 3 अक्टूबर, लगातार नौ दिनों से चले आ रहे आस्था श्रद्धा व भक्ति के प्रतीक शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिवस भी जगह जगह हवन के साथ कहीं डांडिया गरबा तो कहीं भंडारों की रही धूम के चलते समूचे नगर में काफी चहल पहल रही.

उल्लेखनीय है कि नगर के हृदय स्थल गांधी पार्क स्थित दुर्गा मंदिर में दिनभर जहां हवन आदि चलता रहा वहीं हवन में गांधी कमेटी के संरक्षक तथा वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता कमेटी के अध्यक्ष राजा बाबू अजय गुप्ता रेवती रमन गुप्ता आदि ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. यहां रात्रि को डांडिया व गरबा महोत्सव की धूम रही. सीधी रोड पुलिया मोहल्ला स्थित आजाद हिंद कमेटी द्वारा स्थापित दुर्गा पंडाल में विशाल भंडारे का प्रसाद हजारों लोगों ने ग्रहण किया. हनुमना के नगर आराध्य श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर परिसर में स्थापित हनुमना की महारानी दुर्गा पंडाल में आकर्षक लाइटिंग तथा सजावट के चलते जहां हनुमान जी मार्ग सीधी रोड तक दुल्हन की भांति सजाया गया है जिसके चलते प्रमुख आकर्षण का केंद्र जहां बना हुआ है पुलिस को भीड़ के चलते नवरात्र के तीन-चार दिन बाद से ही बैरिकेट्स लगानी पड़ी. लक्ष्मी नारायण मंदिर में चार सर वाली देवी मां का दर्शन करने वालों की श्रद्धा व आस्था देखते ही बनती रही साथ ही डांडिया व गरबा महोत्सव भी यहां का आकर्षण का केंद्र रहा, शगुन मैरिज हॉल के पास स्थित केदारनाथ दुर्गा पंडाल में बाहर से ही आकर्षक जो पंडाल बनाया गया है वह मानो साक्षात् केदारनाथ मंदिर पहुंच गए हो इसके साथ ही वहां 56 भोग तथा डांडिया महोत्सव में बढ़-चढ़कर माता बहनों ने भाग लिया. इसी प्रकार शासकीय पुराने छात्रावास के पास स्थित माता रानी का दरबार सीधी रोड पुराने पेट्रोल पंप के पास स्थित दुर्गा पंडाल श्री राम जानकी मंदिर परिसर स्थित दुर्गा पंडाल के साथ ही तहसील परिसर नगर परिषद के पास एवं नगर में तकरीबन 50 स्थान पर स्थापित दुर्गा पंडालो में हवन अधिकांश में आज ही हवन के कार्यक्रम कराए गए वहीं भंडारे भी तकरीबन 40 से 45 प्रतिशत स्थान पर चलते रहे. भंडारे का प्रसाद लोगो ने पंडालो में ग्रहण किया.

बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में होगा वृहद किसान सम्मेलन : शुक्ल

नवभारत न्यूज

रीवा, 3 अक्टूबर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आगामी दिनों में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. इस सम्मेलन में किसानों को प्राकृतिक खेती के उपयोग के प्रति जागरूक करने के साथ ही रासायनिक खेती से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराया जाएगा.

उन्होंने कहा कि किसान सम्मेलन में किसानों को प्राकृतिक खेती में उपयोग में आने वाले उत्पाद जो गौवंश वन्य विहार में निर्मित हो रहे हैं उनसे अवगत कराया जाएगा. बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के प्रशासनिक भवन सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह किसान सम्मेलन ऐतिहासिक होगा. इसके लिए अभी से सभी तैयारियाँ और व्यवस्थाएं प्रारंभ कर दें. उन्होंने गौवंश वन्य विहार में निर्माणाधीन कार्यों के शीघ्र भुगतान के निर्देश देते हुए अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सेमरिया मार्ग से गौवंश वन्य विहार तक के पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा. उप मुख्यमंत्री ने गौवंश वन्य विहार का भ्रमण कर निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया. इस दौरान पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, अमित अभय रामदास, एसडीएम दृष्टि जायसवाल, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, उप संचालक पशुपालन डॉ डीपी सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

नि:शुल्क बांटी जाएगी श्वांस-दमा की दवा 6 को

नवभारत न्यूज

हनुमना, 3 अक्टूबर, मऊगंज जिले के हनुमना नगर स्थित श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय द्वारा शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष नि:शुल्क वितरित की जाने वाली स्वांस - दमा-अस्थमा इस्नोफीलिया पुरानी खांसी जैसी भयंकर बीमारी की चमत्कारी दवा दी जायेगी.

एक ही खुराक दवा सेवन और परहेज मात्र से भगवत कृपा से उपरोक्त रोग दूर हो जाते हैं. इस वर्ष भी 6 अक्टूबर 25 सोमवार को रात्रि में नि:शुल्क वितरित की

जाएगी. जिसकी तैयारी इन दिनों जोरों पर चल रही है इस वर्ष भी 93 वर्षीय प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य अपने हाथों दवा का वितरण करेंगे. उपरोक्त जानकारी देते हुए व्यवस्थापक वैद्य संपत दास ने बताया कि उपरोक्त चमत्कारिक दवा श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय के संस्थापक प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ तथा लोकतंत्र सेनानी सरयू प्रसाद वैद्य को उनके सदगुरुदेव अनंत श्रीविभूषित बैकुंठवासी पूज्यपाद स्वामी माधवाचार्य जी महाराज द्वारा माधवाचार्य जी महाराज द्वारा पीड़ित मानवता की सेवार्थ प्रसाद स्वरूप प्राप्त है. जिसे 93 वर्षीय वैद्य जी लगातार 7 दशक से भी अधिक समय से प्रतिवर्ष नि:शुल्क वितरित करते चले आ रहे हैं.

छुआछूत और और ऊंच-नीच की बुराई मिटाने दिया संदेश

नवभारत न्यूज

रीवा, 3 अक्टूबर, दो अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर शहीद भगत सिंह सेवा समिति के अध्यक्ष सुजीत द्विवेदी ने समाज से छुआछूत और उच्च नीच के भेदभाव को मिटाने के लिए राधेश्याम साकेत और विकास रावत के चरण धोकर समाज में फैली छुआछूत और ऊंच नीच की बुराई को समाज से मिटाने का संदेश दिया.

इस अवसर पर सुजीत द्विवेदी ने कहा कि ईश्वर ने हम सबको एक समान पैदा किया है देश सबका है समाज सबका है फिर समाज में भेदभाव छुआछूत पैदा करने वाले हम कौन होते हैं. इस अवसर पर सुजीत द्विवेदी ने कहा कि मैं एक ऐसा भारत को बनाना चाहता हूं जहां ऊंच नीच छुआछूत जैसी सामाजिक बुराई के लिए कोई स्थान ना हो सभी संप्रदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल करके रहे सभी में एकता का वास हो तभी भारत एक मजबूत राष्ट्र बनेगा इस अवसर पर वहां उपस्थित जन समुदाय ने समाज से सामाजिक बुराई को मिटाने के लिए शपथ भी ग्रहण की मैं ईश्वर को साक्षी मानकर यह प्रतिज्ञा करता हूं कि आज के बाद से किसी भी जाति और समाज के प्रति भेदभाव और ऊंच-नीच की भावना नहीं रखूंगा ऊंच नीच छुआछूत जैसी सामाजिक बुराई देश और समाज के लिए घातक है.

इस सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाने की प्रतिज्ञा करता हूं ईश्वर इस पुनीत संकल्प को पूरा करने में हमारी रक्षा करें आज का यह कार्यक्रम शहीद भगत सिंह सेवा समिति के कार्यालय जीवन रक्षा नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में आयोजित किया गया. इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुजीत द्विवेदी कष्ट हरनाथ प्रणव अमित विष्णु आदि लोग उपस्थित रहे.

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के कार्यो को किया गया याद

नवभारत न्यूज

रीवा, 3 अक्टूबर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की जंयती पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता एवं पूर्व मंत्री राजमणि पटेल तथा महापौर अजय मिश्रा बाबा के विशिष्ट आतिथ्य में एक संगोष्ठी का आयोजन उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय मे आयोजित किया गया.

पूर्व राज्यसभा सदस्य सांसद राजमणि पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सत्य अंहिसा का पुजारी बताया. जिलाध्यक्ष

इंजी. श्री शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ऐसे स्वराज की कल्पना की थी जिसमें समाज का सबसे दबा कुचला व्यक्ति सबकी बराबरी तक पहुचकर अपने को देश के अन्य लोगो की बराबरी का महसुस करें.

जब तक ऐसा व्यक्ति समाज के अन्य लोगो के समान बराबरी प्राप्त नही करता तब तक गांधी जी के स्वराज की कल्पना की ही नही जा सकती. संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने साम्प्रदायिकता को देश का सबसे बड़ा शत्रु निरूपित किया. उनका कहना था कि साम्प्रदायिकता जहर के समान है जिसे हमे जड से समाप्त करना हैं. दुर्भाग्य है कि आज देश एवं प्रदेश मे धर्म, जाति एवं सम्प्रदाय के नाम पर लोगो को बांटा जा रहा हैं, वर्तमान मे सत्ताशीन सरकारों का उद्देश्य मात्र सत्ता पर काबिज रहना है, आमजन के सुख दुख से उसका कोई सरोकार नही रह गया हैं. कार्यकम में जिला संगठन मंत्री एड रवि तिवारी, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, शिव प्रसाद प्रधान, डॉ अरूणा तिवारी, गिरीश सिंह, अब्दुल शहीद मिस्त्री, सत्यनारायण तिवारी, संगठन मंत्री ग्रामीण एड रवि तिवारी, शहर संगठन मंत्री सज्जन पटेल, मुस्तहाक खान, रमेश पटेल, धनेन्द्र सिंह बघेल, अकरम अंसारी, शहफुज खान, शिवेन्द्र प्रताप सिंह बघेल, अखिलेश द्विवेदी काकू, राजेश मिश्रा बब्बू, डॉ विमल दुबे, ओंकारनाथ पाण्डेय, प्रदीप अवस्थी, नर्मदेश्वर पाठक, अनिल तिवारी मौजूद रहे.